164

राजस्थान सरकार

सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी

(E mail : DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel.2227725)

क्रमांक- F61 (80) SSAAT/C.A. Audit/2020

जयपुर, दिनांक

(आदेश सं. 4/2020)

कार्यालय आदेश

ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज (ग्रामीण विकास विभाग) के आदेश क्रमांक एफ 11(8) ग्रावि/नरेगा/सिविल सोसायटी/सा.अके./2016 दिनांक 19.06.2019 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT) का गठन किया गया। इसके Memorandom of Society के बिन्दु संख्या 20 में कार्यकारी समिति (E.C.) द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउन्टेंट सोसायटी के लेखो के अंकेक्षण करने का प्रावधान है:-

अतः कार्यकारी समिति की द्वितीय बैठक में निम्न बिन्दु विचारणीय थे :-

1. वर्ष 2019-20 में गठन प्रकिया जारी रहने के कारण एवं अत्यन्त अल्प व्यय रूपये 51318/- होने के कारण चाटर्ड अकाउन्टेंट द्वारा लेखों के अंकेक्षण नहीं करवाने हेतु प्रस्ताव।
2. वर्ष 2020-21 के साथ ही वर्ष 2019-20 का भी अंकेक्षण करवाये जाने का प्रस्ताव।

सोसायटी का गठन वर्ष 2019-20 में ही हुआ है। इस वित्तीय वर्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं कोई सामाजिक अंकेक्षण गतिविधियों का व्यय (नरेगा योजना से पूर्ववत् किये जाने से) समिति द्वारा वहन नहीं किया गया है। सोसायटी के नियमों के अनुसार कार्यकारी समिति द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट (C.A.) द्वारा लेखों का अंकेक्षण कराया जाना है, परन्तु इस कार्य पर होने वाले संभावित व्यय और अत्यल्प व्यय राशि को देखते हुए कार्यकारी समिति ने विचार विमर्श उपरात यह निर्णय संख्या 2.5 में किया गया कि वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के लेखों का अंकेक्षण एक साथ करा लिया जावे।

ह०

(रामावतार शर्मा)
निदेशक
सामाजिक लेखा परीक्षा,
जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी

क्रमांक-F61 (80) SSAAT/C.A. Audit/2020/1388-93 जयपुर, दिनांक 8/7/2020

प्रतिलिपि-निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. वरिष्ठ उप सचिव, श्रीमान मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष, शासी निकाय (SSAAT) ।
2. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सह अध्यक्ष कार्यकारी समिति (SSAAT) ।
3. प्रधान महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निजी सचिव, निदेशक (SSAAT) ।
5. लेखाधिकारी/आहरण वितरण अधिकारी (SSAAT)
6. रक्षित पत्रावली।

(अजय कुमार गुप्ता)
लेखाधिकारी
सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं
पारदर्शिता सोसायटी राजस्थान

(4/2020)